## खबर संक्षेप



यमुनानगर। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी युवक।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव पठेड निवासी इकरार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता ने 19 जून को महिला थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शीलावंती ने बताया कि 21 वर्षीय युवती ने एक शिकायत थाने में दर्ज करवाई कि उसका रिश्ता उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव पठेड निवासी इकरार के साथ डेढ़ वर्ष पहले तय हुआ था। इसके बाद आरोपी अक्सर उससे फोन पर बात करने लगा। गत 26 जनवरी को वह अपने ताऊ की बेटी के पास उसके ससुराल गई हुई थी। इस दौरान आरोपी ने उसे कॉल किया। जब उसने बताया कि वह अपने ताऊ की लड़की के घर आई है तो आरोपी उसे मिलने के लिए वहीं पर आ गया। जहां आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। जब उसने इस बारे में परिजनों को बताया तो दोनों पक्षों की बातचीत हुई लेकिन आरोपी नहीं माना। उसने आरोपी के खिलाफ महिला थाने में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक मुकेश कुमारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी इकरार को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# ग्रेनाइट व लाल बलुआ पत्थर से सुसज्जित होगा शहर का शहीद भगत सिंह चौकः मेयर

## मेयर सुमन बहमनी के मुताबिक 15.65 लाख की लागत से शहीद भगत सिंह चौक का किया जा रहा नवीनीकरण

■ पुराने चौक की अपेक्षा नया चौक सुंदर, भव्य और आकर्षक होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा शहर के सबसे प्रसिद्ध भगत सिंह चौक के नवीनीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। निगम द्वारा करीब 15.65 लाख की लागत से इस चौक का नवनिर्माण होगा। पुराने चौक की अपेक्षा नया चौक सुंदर, भव्य और आकर्षक होगा।

निगम की मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि चौक ग्रेनाइट व लाल बलुआ पत्थर से चमकेगा। नगर निगम की ओर से गोलाई में बनाए जा रहे इस चौक की नींव भर दी गई है। 30 अगस्त तक शहरवासियों को नए चौक की सौगात मिलेगी। चौक के साथ यहां लाइट की व्यवस्था भी होगी। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। शहर के नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा शहर के शहीद भगत सिंह चौक अर्थात फव्वारा चौक के नवीनीकरण का कार्य शुरू किया गया है। इस परियोजना से शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी और नागरिकों को एक नया अनुभव मिलेगा। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि हमारा प्रयास शहर को सुंदर, व्यवस्थित और बेहतर बनाना है। आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हम शहर को सुंदर बनाने में लगे हुए है। शहीद भगत सिंह चौक के बाद महाराणा प्रताप चौक, मधु चौकए प्यारा चौक व अन्य चौकों को सुंदर व आकर्षक रूप दिया जाएगा।



■ नए और आकर्षक डिजाइन में बनाया जा रहा शहीद भगत सिंह चौक

### विधायक ने किया था शिलान्यास

*15 लाख 65 हजार रुपये की लागत से बनने वाले शहीद भगत सिंह चौक का गत नौ जनवरी को वव अब चौक के नवनिर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। चौक को नया रूप देने के लिए पुराने चौक को तोड़ कर निर्माण किया जा रहा है। यह चौक अब सात मीटर की परिधि में गोलाई में बनाया जा रहा है। चौक की नींव भरकर ईंटों से गोलाई रूप दिया जा रहा है। चौक के चारों ओर लाल बलुआ पत्थर लगाया जाएगा। बीच में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा के नीचे व चारों तरफ ग्रेनाइट पत्थर लगाया जाएगा। वहीं, शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के ऊपर पत्थर की झोपड़ी नुमा छतरी तैयार की जाएगी। चारों तरफ पारदर्शी शीशे लगाए जाएंगे। चौक को डेकोरेटिव एलईडी लाइट लगाई जाएगी। जिससे रात के समय चौक का भव्य व सुंदर नजारा नजर आए। चौक के नवीनीकरण से यहां से निकलने वाले लोगों को और भी आकर्षक और सुविधाजनक माहौल मिलेगा।*

## हरियाणा के राज्यपाल के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# सर्वजाति समाज संगठन के सदस्यों ने जिला सचिवालय के समक्ष किया प्रदर्शन

प्रदर्शनकारियों ने हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के उपकुलपति व रजिस्ट्रार के समर्थन में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सर्वजाति समाज, पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति संगठनों के सदस्यों ने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के उपकुलपति व रजिस्ट्रार के समर्थन में सोमवार को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उप कुलपति व रजिष्ट्रार के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां करने की कड़े शब्दों में निंदा की।

मौके पर उन्होंने हरियाणा के राज्यपाल के नाम उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में उप कुलपति व रजिस्ट्रार के खिलाफ रच रहे षडयंत्रकारी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। सोमवार सुबह सर्व जाति समाज, पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति संगठनों के सैंकड़ो सदस्य वरिष्ठ नेता राकेश कुमार के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने हिसार में स्थित चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के उपकुलपति व रजिस्ट्रार के समर्थन में नारे लगाए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने जिला सचिवालय में पहुंचकर हरियाणा के राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

मौके पर प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे संगठनों के वरिष्ठ नेता राकेश कुमार ने बताया कि चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में उप कुलपति व रजिस्ट्रार के खिलाफ मुहिम चलाकर कुछ राजनैतिक दल अपनी राजनीति चमका रहें हैं। जबकि उप कुलपति व रजिस्ट्रार द्वारा छात्रों की सभी मांगों को मान लिया गया है। इसके बावजूद कुछ षडयंत्रकारियों द्वारा विश्वविद्यालय का माहौल खराब किया जा रहा है और उप कुलपति व रजिस्ट्रार के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कर उन्हें बेइज्जत करने का काम किया जा रहा है। जो सरासर गलत और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि उन्हें अगर यदि कोई परेशानी है तो वह विश्वविद्यालय प्रशासन के माध्यम या सरकार से सीधे बात कर समाधान कर सकते हैं। राकेश कुमार ने कहा कि हिसार के कृषि विश्वविद्यालय में पिछले 11 वर्षों से सर्वजाति समाज के लोगों को उप कुलपति व रजिस्ट्रार बनाना शुरु किया गया है। लेकिन कुछ लोगों से यह बात बर्दाश्त नहीं हो रही है। ऐसे में वह उप कुलपति व रजिस्ट्रार के खिलाफ षडयंत्र रच रहे हैं। जिसे सर्वजाति समाज सहन नहीं करेगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जरुरत पड़ी तो जल्द ही संगठनों का प्रतिनिधिमंडल सर्वजाति समाज के मान सम्मान की सुरक्षा को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मिलेगा। मौके पर राजपाल, सुरेश, रमेश कुमार, राजबीर व सतीश आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करने के दौरान उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने जाते हुए सर्वजाति समाज समेत अन्य संगठनों के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# नाबालिग लड़की को अगवा करके दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

## मेडिकल जांच में हुई थी गलत काम की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नाबालिग लड़की को अगवा करके दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांधी नगर थाना प्रबंधक जगबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 9 जून को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की घर में बिना किसी को बताए कहीं चली गई है।

उस समय पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी। मगर इस तलाश के दौरान गत 20 जून को शिकायतकर्ता व्यक्ति अपनी नाबालिग लड़की को लेकर थाने में पहुंच गया। इस दौरान पुलिस ने नाबालिग लड़की की मेडिकल जांच करवाई गई तो उसके साथ गलत काम होने की पुष्टि हुई। जिसके बाद नाबालिग की काउंसलिंग की गई तो उसने बताया कि गांव औडबांस निवासी विक्रम नाम का युवक उसे जबरदस्ती अगवा करके कहीं ले गया और उसके साथ उसकी सहमति के बिना गलत काम किया। किसी तरह वह आरोपी के चंगुल से छुटकर घर पहुंची। पुलिस ने लड़की के ब्यान और मेडिकल जांच के आधार पर आरोपी विक्रम के खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक मीना देवी व एएसआई बलबीर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

**अदालत में किया पेशः** टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव औडबांस निवासी विक्रम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज अदालत में पेश कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** गांधी नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार गया नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी युवक।

# यमुना नदी पर नहीं बनाए गए तटबंधः चौहान

■ बाढ़ संभावित इलाके में यमुना नदी किनारे तटबंध बनाए जाने की बाट जोह रहे हैं नदी किनारे महीना भर पहले डाले गए पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय किसान संघ के सदस्यों ने जठलाना क्षेत्र के यमुना नदी किनारे बसे गांवों में पहुंचकर बाढ़ बचाव के कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान भाकिसं के सदस्यों को गांव उन्हेड़ी के नजदीक यमुना नदी किनारे पत्थरों के ढ़ेर दिखाई दिए और तटबंध बनाना तो दूर उस पर कार्य भी शुरु नहीं किया गया। भाकिसंघ ने आरोप लगाया कि बाढ़ बचाव को लेकर यमुना नदी किनारे बाढ़ संभावित इलाके में तटबंध बनाए जाने के लिए प्रशासन और सरकार गंभीर नहीं है। जिसका खामियाजा बाढ़ संभावित इलाके की जनता को भुगतने की आशंका बन गई है। भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में संघ के सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल गांव उन्हेड़ी में पहुंचा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हेड़ी गांव के नजदीक बह रही यमुना नदी के किनारों का निरीक्षण किया। मगर प्रतिनिधिमंडल को यमुना नदी किनारे तटबंध बनाने का कहीं भी कार्य दिखाई नहीं दिया और केवल पत्थरों के ढ़ेर ही लगे हुए दिखाई दिए। मौके पर भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने कहा कि जिले में बाढ़ संभावित इलाके में बाढ़ बचाव के इंतजाम 30 जून तक पूरे करने का दावा जताया जा रहा है। मगर हकीकत यह है कि जठलाना क्षेत्र में यमुना नदी के बाढ़ संभावित इलाके के गांवों में कहीं भी तटबंध बनाने का कार्य दिखाई नहीं दे रहा है।



**रादौर।** यमुना नदी किनारे तटबंध बनाने की बाट जोह रहे पत्थरों को दिखाते हुए भाकिसं के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान।

### बाढ़ संभावित गांवों के लोगों को भारी नुक्सान होगा

रामबीर सिंह चौहान ने कहा कि यदि तेज बारिश हो गई और यमुना में बाढ़ आ गई तो उन्हेड़ी समेत बाढ़ संभावित गांवो के लोगों को भारी नुक्सान होगा। उन्होंने बताया कि यमुनानगर की सीमा ताजेवाला से लेकर गुमथला तक है और यहां बाढ़ बचाव के लिए 1978 से हर वर्ष इंतजाम किए जाते हैं। मगर इसके बावजूद बाढ़ संभावित इलाके के गांवों में बरसात के मौसम में यमुना के उफान पर आने से बाढ़ आ जाती है और लोगों को नुक्सान उठाना पड़ता है। भारतीय किसान संघ ने सरकार से यमुना नदी का भूमि कटाव रोकने के लिए उसके किनारों पर शीघ्र तटबंध बनाए जाने की मांग की।

# शिष्य को कुंदन बनाने का काम करता है सद्‌गुरु : पवन ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

संत निरंकारी भवन रादौर में सोमवार को सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान मुखी पवन ग्रोवर ने कहा कि निरंकार प्रभु परमेश्वर इन्सान का वास्तविक स्वरूप है, निराकार होते हुए भी यह सभी आकारों का आधार एवं कारण भी है। एक गुरसिख के लिये भक्ति का मुख्य आधार केवल सद्गुरु निरंकार ही हैं। ग्रोवर ने कहा कि सद्गुरु पारस के समान है जो शिष्य को कुन्दन बना देता है। पारस के सम्पर्क में आने से साधारण लोहा भी सोने में परिवर्तित हो जाता है। पारस की प्रमाणिकता भले ही सन्देह के घेरे में हो सकती है, परन्तु समय का सद्गुरु असंख्य लोगों की जिंदगी को बदल देने का सामर्थ्य रखता है। वर्तमान समय या इतिहास का जिक्र किया जाए तो इंसान अपने ही कर्म से अपने ही पतन का कारण बनता चला जा रहा है। अंधकार की तरफ अग्रसर हो रहा है, लेकिन सद्गुरु का अवतरण जनकल्याण के लिए होता है। इसलिए जब कोई इन्सान सद्गुरु की शरण में पूर्ण श्रद्धा सहित समर्पित होता है। तब सद्गुरु उसे अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। इंसान के अवगुणों को दूर करके अच्छाई की तरफ, नेक कर्मों की तरफ इन्सान का रुख कर देते हैं। इसलिए सद्गुरु का स्थान सर्वोपरि है।



# डॉ.श्यामा प्रसाद को पुण्यतिथि पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा की ओर से सोमवार को गांव खेड़ी लक्खा सिंह में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

हैप्पी खेड़ी ने बताया कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में एक सम्पन्न परिवार में हुआ था। वे 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता यूनिवर्सिटी के कुलपति बने। 1942 में बंगाल में मुस्लिम लीग की राजनीति से दूषित वातावरण के खिलाफ संघर्ष किया तो ब्रिटिश सरकार ने इन्हें जेल में डाल दिया। ये देश के विभाजन के कट्टर विरोधी थे। इनका मत था कि हिन्दू, मुस्लिम रक्त गुण से एक हैं। सरदार पटेल के अनुरोध पर वे भारत के प्रथम उद्योग मंत्री बने। परंतु राष्टीय हितों के विषयों पर कांग्रेस से मतभेद पर इन्होंने त्यागपत्र दे दिया और अक्टूबर 1951 को जनसंघ की स्थापना की। जो बाद में 6 अप्रैल 1980 को बीजेपी में परिवर्तित हो गई। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय चाहते थे।



यमुनानगर के गांव खेड़ी लक्खा सिंह में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हैप्पी खेड़ी व अन्य।

# डॉ. मुखर्जी जम्मू कश्मीर को बनाना चाहते थे भारत का पूर्ण अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा के रामपुरा व लालद्वारा शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रुप से सोमवार को शहर के ग्रीन पार्क कॉलोनी स्थित सोम प्रकाश ओबराय के निवास स्थान पर संयुक्त रुप से भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं शिक्षाविद्ध डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का श्रद्धापूर्वक बलिदान दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉ. हर्ष शर्मा ने भाग लिया। मौके पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नमन किया। मुख्य वक्ता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. हर्ष शर्मा ने बताया कि भारत माता के इस वीर पुत्र का जन्म 6 जुलाई 1901 को एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। कलकत्ता विवि से स्नातक करने के बाद डॉ. मुखर्जी सन 1923 में सिनेट के सदस्य बने। डॉ. हर्ष शर्मा ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की थी। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था।



डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते हुए भाजपा रामपुरा व श्रीलालद्वारा शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता।

# विदेश जाने की चाहत रखने वाले युवक डंकी रुट ना करें इस्तेमालः भौरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश जाकर रोजगार करने की चाहत रखने वाले युवाओं को पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने फर्जी ट्रैवल एजेंटो से सावधान रहने और डंकी रूट का इस्तेमाल नहीं करने के लिए आहवान किया है। उन्होंने सोमवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए युवाओं को आहवान किया कि वह सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त ट्रैवल एजेंट की सेवाएं लेने के लिए सलाह दी है।

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने कहा कि नौकरी, शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। उन्होंने बताया कि जिला यमुनानगर पुलिस द्वारा इस संबंध में विशेष एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की गई है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने कहा कि युवाओं की विदेश जाने की काफी इच्छा होती है। लोगों की इस इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रैवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। ये लोग पीड़ितों को तब झांसे में फंसा लेते हैं जब वे सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों का जवाब देते हैं। इसके बाद एजेंटों द्वारा तरह तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं।



यमुनानगर में अपने कार्यालय में युवा वर्ग को फर्जी ट्रेवल एजेंटो से सावधान रहने के लिए आहवान करते हुए पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया।

## जिला सचिवालय में लगाया गया समाधान शिविर

# समाधान शिविर में पहुंची 7 शिकायतें, निपटारा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय में लोगों की समस्याओं का समाधान करवाने के लिए सोमवार को जिलास्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सात शिकायतें पहुंची। जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। जिला परिषद के सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल ने अधिकारियों को जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा सचिवालय में लगाए गए समाधान शिविर में सात शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें ऊँचा चांदना निवासी विपिन ने पानी के पाइप ठीक करवाने बारे समस्या रखी। चिट्टा मंदिर निवासी विजय कुमार ने मकान को रिपेयर करवाने की मांग रखी। पापनी कलां निवासी बचन सिंह ने शौचालय की साफ. सफाई करवाने बारे मांग रखी। गुगलों निवासी नर्सिंग ने बीपीएल राशन कार्ड को ठीक करवाने की मांग की। कमानी चौंक निवासी रूपेश ने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

इसके साथ ही विष्णु नगर निवासी गुरूचरण लाल ने जमीन का नाजायज कब्जा हटवाने बारे शिकायत दी। अधिकारियों ने लोगों की मांगों और समस्याओं जल्द समाधान करवाया। सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब यह शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं।

पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। मौके पर डीआरओ तरुण सहोता, डीएसपी राजीव मिगलानी व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### केयू के जनसंचार संस्थान के ऑनर बोर्ड का अनावरण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने संस्थान में संचालित बी.ए.,एम.ए., एम.एस.सी जनसंचार के ऑनर बोर्ड का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि मीडिया क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। पत्रकारिता एवं जनसंचार के कोर्स के उपरांत विद्यार्थियों में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संचार दक्षता एवं मीडिया में नवीनतम घटनाओं के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण की समझ विकसित होती है जिससे स्वच्छ, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है।

### कुवि की प्रवेश परीक्षा के लिए बनाए परीक्षा केन्द्र

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार विभिन्न यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा-2025 के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं।

### संगमेश्वर महादेव मंदिर में त्रयोदशी मेला आज

**पिहोवा।** संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में त्रयोदशी का मासिक मेला सोमवार को लगेगा। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। 22 जून को मध्य रात्रि 1 बजकर 22 मिनट पर त्रयोदशी तिथि का आरंभ होगा और 23 जून को रात में 10 बजकर 9 मिनट तक त्रयोदशी तिथि रहेगी। मंदिर से सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव महंत रविंद्र पुरी और सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में 10 जुलाई से 9 अगस्त तक श्रावण मास मनाया जाएगा।

### जिला सलाहकार कमेटी की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** स्वास्थ्य विभाग की तरफ से पीसी एंड पीएनडीटी की जिला सलाहकार कमेटी की बैठक 24 जून 2025 को सुबह 10:30 बजे सिविल सर्जन कार्यालय में होगी। बैठक में अल्ट्रासाउंड केंद्रों के आवेदनों सहित 12 बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। यह जानकारी जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने दी है।

### कविता से योग अपनाने का दिया संदेश

**कुरुक्षेत्र।** गुलजारी लाल नंदा स्मारक एवं पुस्तकालय में अदबी संगम कुरूक्षेत्र की मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता कविता रोहिल्ला ने की। मुख्य अतिथि संस्थान निदेशिका प्रो शुचि स्मिता रही और संचालन गायत्री कौशल आर्य ने किया। मेजबानी एडवोकेट ज्ञान सागर आहूजा ने की। कवि गोष्ठी में सर्वप्रथम अदबी संगम कुरूक्षेत्र की कवियत्री गंगा मलिक के पति की अकस्मात मृत्यु पर शोक प्रकट किया गया। साथ ही प्रोफेसर डॉ सोमवीर जाखड़ जिनका अदबी संगम से राब्ता रहा है दोनों महान आत्माओं के लिए शोक प्रस्ताव पारित किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया।

## डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया पौधरोपण

# देश सेवा करना ही डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का रहा परम लक्ष्य : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का देश सेवा करना ही परम लक्ष्य रहा। इस लक्ष्य को जहन में रखकर ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना सारा जीवन देश सेवा के लिए लगा दिया। आज देश के प्रत्येक नागरिक को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों पर आगे बढ़कर देश सेवा करनी चाहिए। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को कुरुक्षेत्र मंडल, ज्योतिसर मंडल, अभिमन्युपुर मंडल के साथ-साथ भाजपा की तरफ से गांव प्रतापगढ़, खेड़ी ब्रह्मणा सहित अलग-अलग जगहों पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं के संग भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पौधा रोपण किया और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-संघचालक गुरु गोलवलकर जी से परामर्श लेकर श्री मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि 1951-52 के आम चुनावों में राष्ट्रीय जनसंघ के तीन सांसद चुने गए जिनमें एक डॉ. मुखर्जी भी थे। तत्पश्चात उन्होंने संसद के अन्दर 32 लोकसभा और 10 राज्यसभा सांसदों के सहयोग से नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी का गठन किया। डॉ. मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के विलय के दृढ़ समर्थक थे। उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को भारत के बाल्कनीकरण की संज्ञा दी थी। अनुच्छेद 370 के राष्ट्रघातक प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ ने हिन्दू महासभा और रामराज्य परिषद के साथ सत्याग्रह आरंभ किया। डॉ. मुखर्जी 11 मई 1953 को कुख्यात परमिट सिस्टम का उलंघन करके कश्मीर में प्रवेश करते हुए गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तारी के दौरान ही विषम परिस्थितियों में 23 जून, 1953 को उनका स्वर्गवास हो गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र जांगडा, मंडल अध्यक्ष रमेश सैनी, मंडल अध्यक्ष सुनील आदि उपस्थित थे।



**कुरुक्षेत्र।** पौधरोपण करते पूर्व मंत्री सुभाष सुधा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### डा. श्यामा मुखर्जी की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर दी श्रद्धांजलि



**कुरुक्षेत्र।** पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

**कुरुक्षेत्र।** महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्र वादी,भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शांति नगर शक्ति केंद्र में वार्ड 27,29 के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डा मुखर्जी की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित किया और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और त्रिवेणी लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर थानेसर मंडल के प्रधान विवेक रावत ने अपने सभी साथियों के साथ मिलकर उन्हें पुष्पांजली दी और कहा की डा मुखर्जी ने निडर होकर नेहरु की नीतियों का विरोध किया और नारा दिया की एक देश में दो विधान,दो निशान,दो प्रधान नही चलेगी इस लक्ष्य के लिए उन्होंने आन्दोलन भी किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उनके इस सपने को साकार भी किया किस तरह जम्मू में धारा 370 हटाई गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विवेक रावत,पूर्व अध्यक्ष हरीश अरोरा,नगर पार्षद धनराज, नगर पार्षद कमल किशोर, मंडल उपाध्यक्ष वेद प्रजापत, मंडल महामंत्री दिलेर शर्मा,शक्ति केंद्र प्रमुख संजीव भारद्वाज, युवा भाजपा सचिव रवि चौधरी, दीपक चौधरी, संदीप शर्मा, सुखबीर रोहिला, अंकुर शर्मा, श्रवन मौदगिल, सूरजभान, शमशेर, संदीप शर्मा, मास्टर बलबीर दुल आदि रहे।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव में जनमत को लेकर 500 से ज्यादा बैठकें आयोजित : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति के प्रदेश सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर अभी तक हरियाणा में 500 से ज्यादा सभाएं व बैठकें आयोजित हो चुकी हैं। हर वर्ग जैसे कि किसान, युवा, शिक्षक, प्रोफेसर, वकील, श्रमिक, महिला और ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों के साथ एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर संवाद जारी है। एक राष्ट्र-एक चुनाव को हर वर्ग का जनमत मिल रहा है। इसके साथ ही एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति के राष्ट्रीय संयोजक शिवराज चौहान की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित हो चुकी हैं। वहीं, जिला स्तर पर गठित समितियां भी एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर प्रचार अभियान का जिम्मा संभाले हुए हैं। एक राष्ट्र-एक चुनाव के जरिये न केवल विकास कार्यों में रफ्तार आएगी, बल्कि बार-बार जनता को भी चुनावी मोड में राहत मिलेगी। 2024 का लोकसभा चुनाव में भारत के चुनावी इतिहास का सबसे महंगा चुनाव माना जा सकता है, क्योंकि एक वोट की औसतन लागत 1400 रुपये थी। देश में बार-बार चुनावों के कारण 4 से 7 लाख करोड़ खर्च होते हैं।

### देश में तीन चुनाव एक राष्ट्र-एक चुनाव की तर्ज पर हुए



*मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि देश में तीन चुनाव एक राष्ट्र-एक चुनाव की तर्ज पर हुए हैं। वर्ष 1952, 1957 और 1962 यानी 1967 तक संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। मगर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के एक फैसले ने एक राष्ट्र-एक चुनाव की प्रक्रिया को बाधित कर दिया। कांग्रेस ने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करके राज्य विधानसभा को भंग कर दिया और एक राष्ट्र-एक चुनाव की परंपरा को बदल दिया।*

# बिजली के रेट बढ़ाकर लोगों की जेबों पर सरकार ने डाला डाका : अशोक अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर के विधायक एवं पूर्व विधानसभा स्पीकर अशोक अरोड़ा ने कहा है कि हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के रेट बढाकर आम जनता की जेबों पर डाका मारने का काम किया है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रही प्रदेश की जनता पर सरकार ने ओर ज्यादा बोझ डालकर निंदनीय काम किया है। वे अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ कांग्रेस नेता सुभाष पाली व एडवोकेट आशीष मौजूद रहे। अरोड़ा ने कहा कि जिसका बिजली का बिल पहले दो हजार आता था अब चार हजार आएगा। इतना ही नही प्रति किलोवाट फिक्स चार्ज भी लगा दिए हैं। यदि किसी का पांच किलोवाट का क्नेक्शन है तो 75 रूपए प्रति किलोवाट अलग भरना होगा। यानि पांच किलोवाट से उपर का रेट 6 रूपए से भी ज्यादा है और एक हजार यूनिट से ज्यादा 7 रूपए से भी उपर है।



# सेल्फ डिफेंस के गुर सीख रही युवतियां

- श्रीकृष्ण मार्शल आर्ट संस्थान व प्रेरणा समिति के सौजन्य से सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण मार्शल आर्ट संस्थान व प्रेरणा समिति के सौजन्य से चल रहे 11 दिवसीय निःशुल्क सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप में युवतियां आत्मरक्षा के गुण सीख रही हैं। श्रीकृष्ण मार्शल आर्ट संस्थान के मुख्य प्रशिक्षक एडवोकेट राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंप में युवाओं को आत्मरक्षा की बहुत ही कारगर तकनीकों का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप के चौथे दिन युवतियों को गिरने की कला का प्रशिक्षण दिया गया जिसे सीखकर विपरीत परिस्थितियों में या असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन यदि नीचे पटकने का प्रयास किया जाता है तो किसी भी तरह की चोट से बचा जा सकता है। राजेश शर्मा ने कहा की युवतियों को हमेशा सजग और सतर्क रहना चाहिए और किसी भी छेड़छाड़ या शोषण की स्थिति में जोरदार आवाज उठानी चाहिए। किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने पर तुरन्त अपने अभिभावकों को या पुलिस को सूचित करना चाहिए। अध्यक्षा रेणु खुग्गर ने बताया कि सभी प्रतिभागी बहुत ही उत्साह के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं और सिखाई जा रही आत्मरक्षा तकनीक बहुत ही प्रभावी हैं। राजेश शर्मा ने कहा कि कैंप में अभी तक युवतियों को गला दबाने, हाथ पकड़ने, बाल खींचने की दशा में बचाव की ट्रेनिंग दी गई है।





**कुरुक्षेत्र।** दी महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल सोसाइटी रजिस्टर्ड के नवनिर्वाचित सदस्य।

### सोसाइटी के चेयरमैन बने मूलचंद गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** दी महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल सोसाइटी रजिस्टर्ड सेक्टर 13 अर्बन एस्टटे कुरुक्षेत्र के चेयरमैन, चेयरमैन वन व चेयरमैन टू का चुनाव अग्रसेन पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुआ। इसमें समाजसेवी मूलचंद गुप्ता को सातवीं बार चेयरमैन के पद पर सर्वसम्मति से चुना गया। उद्योगपति माणिक गोयल को चेयरमैन वन एवं अमित गोयल को, चेयरमैन टू के पद पर चुना गया। चुनाव सर्वसमति से सम्पन्न हुआ।

# शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए पारदर्शी दाखिला प्रक्रिया आवश्यकः प्रो. धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- श्रीकृष्ण आयुष विवि में कुलपति की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में सोमवार को कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान की अध्यक्षता में ड्राफ्ट एंड काउंसलिंग मीटिंग हुई, जिसमें सत्र 2025-26 की बीएएमएस, बीएचएमएस और एमडी/एमएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर व्यापक चर्चा की गई। मीटिंग में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया, फीस स्ट्रक्चर, सीट मैट्रिक्स, ऑनलाइन काउंसलिंग प्रणाली जैसे विषयों पर भी गहन चर्चा हुई। सभी प्राचार्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए और बेहतर समन्वय के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आयुष शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए पारदर्शी और सुव्यवस्थित दाखिला प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है। यह बैठक केवल दाखिले तक सीमित नहीं,बल्कि छात्र हितों,गुणवत्ता शिक्षा और संस्थानों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय हर वर्ष शिक्षा प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करता है, और सत्र 2025-26 में दाखिला प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाएगा।



# बाबैन से कुरुक्षेत्र तक बस का समय नियमित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हर रोज ड्यूटी पर जाने वाले व संस्थानों में पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को बाबैन से कुरुक्षेत्र जाने के लिए सुबह के समय भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सुबह के समय यहां पर भारी भीड़ देखी जा सकती है। यहां पर हर रोज डयूटी पर जाने वाले व संस्थानों में पढ़ने जाने वाले खड़े छात्र-छात्राएं सुबह 8 बजे के करीब परेशान होते देखे जा सकते हैं। बाबैन बस स्टैंड पर खड़े संदीप कुमार, लता, पायल, अमनदीप व सिमरन ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से सुबह 8.15 पर चलने वाली बस नियमित नहीं आ रही जिससे अपने कार्यों पर जाने वाले व अपने संस्थानों पर पहुंचने वाले स्टूडेंट्स लेट पहुंचते हैं और उनको अपने बॉस की भी सुननी पड़ती है। उन्होंने कहा कि एक तो भारी गर्मी के इस मौसम में यहां इधर उधर खड़ा या बैठना मुश्किल हो रहा है, दूसरा बस के नियमित न चलने से अगली बसों में भीड़ हो जाती है जिससे कई बार तो प्राईवेट बस में जाने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने संबंधित विभाग से इस रूट पर सुबह के बस के टाईम बढ़ाने व बसों को नियमित चलाने की मांग की है ताकि आम जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े।



**कुरुक्षेत्र।** बाबैन बस स्टैंड पर बस का इंतजार करते परेशान छात्र छात्राएं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सीएम ने 40 से अधिक संस्थाओं को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय भव्य आयोजन में सराहनीय सहयोग करने के लिए मुख्यमंत्री हरियाणा, नायब सिंह सैनी द्वारा 40 से अधिक योग एवं सामाजिक संस्थाओं को इस आयोजन में सराहनीय सहयोग देने के लिए सम्मानित किया गया। इन संस्थाओं में भारतीय सेना, आरोग्य भारती, आर्ट ऑफ लिविंग, भारत विकास परिषद, भारतीय योग संस्थान, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, डेरा सच्चा सौदा, जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र, आयुष खेल व शिक्षा विभाग कुरुक्षेत्र, जिला योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संवर्धन समिति, गीता ज्ञान संस्थानं, सीआरपीएफ खेवरा, गुर्जर धर्मशाला, हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन, हरियाणा योग आयोग, हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, हार्टफुलनेस, जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, मां भद्रकाली मंदिर ट्रस्ट, मानव उत्थान सेवा समिति, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, निरंकारी मिशन, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार, प्राइवेट स्कूल संगठन, पुलिस विभाग, राधा स्वामी सत्संग, नेशनल सर्विस स्कीम, सैनी धर्मशाला, कार्यक्रम के प्रभारी एसडीएम, भारतीय सेना थल सेना व वायु सेना के पूर्व सैनिकों के संगठन सहित आदि मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** योग भारती संस्था को सम्मानित करते मुख्यमंत्री हरियाणा, नायब सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*



# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहल लाल बड़ौली ने मां भद्रकाली शक्तिपीठ के किए दर्शन

**कुरुक्षेत्र।** मां भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में बीजेपी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली अपने साथियों सहित मां भद्रकाली जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे। पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने मां की लाल चुनरी, चांदी लॉकेट व पुष्पमाला से उन्हें आशीर्वाद दिया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा व मुख्य पुजारिन शिमला देवी के सान्निध्य में प्रदेशाध्यक्ष द्वारा माँ भद्रकाली जी का पूजन-अर्चन किया गया व माँ से प्रार्थना की कि वे देश वासियों पर इसी प्रकार अपना आशीर्वाद बनाए रखें। मोहन लाल बडोली ने मां के श्रीचरणों में प्रणाम कर कहा कि माँ भद्रकाली शक्तिपीठ केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और राष्ट्र की ऊर्जा का प्रतीक है। उनके साथ बीजेपी जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी, पशुपालन आयोग के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सचिव उमेश शर्मा भी दर्शन करने पहुंचे। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ एमके मौदगिल, स्नेहिल शर्मा, देवी दयाल शर्मा, जीवन मौदगिल, रामपाल लाठर, आशीष दीक्षित, सुरेंद्र द्विवेदी, सुनील जोशी इत्यादि सेवक सदस्य उपस्थित रहे।

# बिजली की दरों में वृद्धि तुरंत प्रभाव से वापस ली जाए : एडवोकेट अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने हाल ही में बिजली विभाग द्वारा की गई बिजली दरों में वृद्धि पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि बिजली जीवन की मूलभूत आवश्यकता है और इसकी बढ़ती दरों ने हर वर्ग झ मजदूर, किसान, दुकानदार, मध्यम वर्गीय परिवार से लेकर छोटे उद्योगों तक सभी को आर्थिक संकट में डाल दिया है। गुप्ता ने कहा कि मौजूदा महंगाई के दौर में जब रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य वस्तुएं पहले से ही आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही हैं, तब बिजली बिल की दरों में उछाल निर्दयी एवं अमानवीय कदम है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने जोर देकर कहा कि आम जनता पहले ही महंगाई, बेरोजगारी, और अनियमित आय से त्रस्त है। बिजली की बढ़ी हुई दरें मानवाधिकारों का भी उल्लंघन हैं क्योंकि इससे हर व्यक्ति के जीवन स्तर पर सीधा प्रभाव पड़ता है, बिजली एक ऐसी अनिवार्य सेवा है जो बच्चों की पढ़ाई से लेकर बुजुर्गों की दवाई तक, हर पहलू से जुड़ी है। गुप्ता ने अपील की है कि बढ़ाई गई बिजली दरों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।



अंकित गुप्ता।

**सुधार** | डीएमसी ने नगर परिषद की टीम नालों का किया निरीक्षण

# मानसून व जलभराव से निपटने के लिए नप तैयार : सिवाच



**कुरुक्षेत्र।** नालों का निरीक्षण करते डीएमसी सतेंद्र सिवाच। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डीएमसी सतेंद्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद की टीम मानसून व जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। बरसात के बाद पानी की निकासी सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। क्षेत्र अनुसार टीमों को बांटकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो अपने-अपने कामों को मानसून आने से पहले पूरा करके रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें। जिस अधिकारी-कर्मचारी के क्षेत्र में कमी पाई जाएगी, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। डीएमसी सतेंद्र सिवाच ने सोमवार को शहर के छोटा बाजार, मुकम्बी लाल न्यू कॉलोनी, पिपली और विभिन्न सेक्टरों का दौरा कर नालों की व्यवस्था को जांचा। इस दौरान नगर परिषद की टीमें भी साथ रही। दौरे के दौरान जहां पर कमियां मिली, उसे दूर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शहरवासियों को भी नगर परिषद की टीम का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले शहर के सभी नालों की सफाई की जा रही है। नालों की सफाई होने पर मानसून की बरसात के पानी की निकासी भी जल्दी हो जाएगी, इससे शहर के लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।

### अलग-अलग क्षेत्रों में टीमों को बांटा

*काम को जल्दी करवाने के लिए अलग-अलग क्षेत्र को टीमों में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में कमी मिली तो वहां की टीम जिम्मेदार होगी और उसके खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। डीएमसी सतेंद्र सिवाच ने कहा कि इस कार्य में शहर के लोगों को भी नगर परिषद की टीम का सहयोग करना होगा। शहर में लगने वाली छबील में प्लास्टिक के गिलासों का प्रयोग होता है। जो कार्यक्रम के बाद सड़कों से नालों में जमा हो जाते हैं और नालों को बंद कर देते हैं और इस स्थिति में नालों से पानी की निकासी अच्छे से नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की टीम शहर में डोर टू डोर कचरे का उठान कर रही है। ऐसे में नागरिकों को दिनभर का कचरा अपने घरों के डस्टबिन मे इक्ट्ठा करके रखना चाहिए और परिषद की गाड़ी में डालना चाहिए। जब तक शहर के नागरिकों को पूर्ण सहयोग नहीं मिलेगा तब तक नगर परिषद अपने कार्य को अच्छे से नहीं कर पाएगी। इस मौके पर एमई जयपाल सिंह, मंगू राम, जेई मनदीप, महेंद्र सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।*

